Est. 2016

# THE XAVERIAN

Official Monthly News Bulletin of St. Xavier's College, Simdega

**Volume 2, Issue 10: October, 2026**

## The Message



Light shows us the road to journey ahead. If life is guided by the true light, life becomes meaningful. Education is something divine which gives light to a person. It has the power to transform the society if knowledge is received well.

Feast of Light is not just a celebration of light but a time to review one's journey from darkness to light. It is also a feast of success and joyfulness experienced. Heart will be full of gratefulness if a person is guided by the true light during the year. Light never hides, instead leads a person into revelation of the reality.

A journey in darkness with ignorant is dangerous because a person is unknown to his or her own reality. If a person walks in the light knows how to walk in right direction. Listening to one's conscience is the right method of knowing oneself better. College life is the final stage of classroom activities to know oneself better. It has the scope to correct one's fall and make an improved journey ahead.

Dear students, receive the true light by means of right education, is possible with your commitment and hard work, review and improvement, prayer and sacrifice. Never try to deceive yourself because you are the master of life, which you have received from your Creator.

***Principal***

*Dr. Fr. Roshan Baa, SJ*

## Editorial



"As we have already celebrated the festivals of Dussehra and Diwali, we know that festivals are not just occasions of celebration, but they also provide opportunities to reflect on the values that make us human. Dussehra and Diwali remind us of the eternal victory of good over evil, truth over falsehood, and light over darkness. The Light shines in the darkness, and the darkness has not overcome it [JN 1:5] emphasizing the restoration of righteousness. Shakespeare also has beautifully expressed the power of goodness in the play The Merchant of Venice: "So shines a good deed in a naughty world."

I strongly believe that the true spirit of these festivals would continue in illuminating hearts with kindness, minds with knowledge, and society with compassion. Let the sources of inspiration flow with the nurturing of wisdom, tolerance, and humanity among all the students and people across the globe.

Let us conquer all the evils within ourselves and spread the light of love, peace, and harmony. After all, the greatest Diwali is celebrated when we bring light and smile into someone's life.

Wishing all a bright, peaceful and prosperous Diwali!

***The Editor***

*Asst. Prof. Bipin Minj*

## Karam Dance

A cultural dance competition was organized for the conservation and promotion of tribal dance, art, and cultural heritage, in which a total of six dance groups from various educational institutions gave their performances.






## Inaugurated: Aarohan

The inauguration of "Aarohan 2026" – Tarang took place with an inspiring address by the Father Principal, who motivated students to take part in various competitions and showcase their talents.



## Youth Festival

In the District-Level Youth Festival, students of St. Xavier's College, Simdega, delivered an outstanding performance,

winning 1st Prize in Folk Dance, 3rd Prize in Nukkad Natak, and 2nd and 3rd Prizes in Poetry Writing, secured by Sneha Topno and Prerna Kujur. The Folk Dance team has been selected to represent the district at the State-Level Competition in Ranchi.



## Review meeting

A departmental review meeting was held to address key aspects of campus governance and student welfare. Discussions were focused on promoting road safety, maintaining college discipline, and reinforcing Xaverian education and values. Emphasis was placed on cultivating ethical leadership, academic









integrity, and responsible citizenship among students to foster a holistic and disciplined institutional environment.




## Alumni Talk

An exclusive 'Alumni Talk' was organized under the Department of Commerce. The distinguished guest speaker for the session was Mr. Subodh Kumar Singh, a prominent alumnus of the college.

Sharing memoirs and experiences from his student life, provided students with valuable suggestions regarding the challenges of the modern business world, realities of the corporate sector, and career building. This enlightening session inspired the students to move forward in practical life alongside their academic knowledge.

## RBI Visits

A financial awareness program was conducted by the RBI Ombudsman, featuring the esteemed presence of RBI General Manager Shri Manoj Ranjan, who addressed attendees on safe banking practices and consumer rights.



## Educational Tour

The Department of Commerce successfully organized an 8-day educational tour to Sikkim. The primary objective of this excursion was to bridge theoretical business studies with real-world economic observations, specifically focusing on the region's tourism-driven micro-economy, cross-border trade history, and local entrepreneurship.





## SWAYAM Orientation

The Department of Commerce, organised the first Departmental SWAYAM Orientation Programme for the students of B. Com and M.Com.




The programme aimed to create awareness among students about SWAYAM and other online learning platforms and to encourage them to incorporate online learning into their academic journey and lifelong learning practices.




## Gandhi Jayanti

The Department of Political Science, in collaboration with the National Service Scheme (NSS) and the National Cadet Corps (NCC), organized a special commemoration event for Gandhi Jayanti. The program centered on reflecting upon Mahatma Gandhi's enduring principles and their practical application in modern

society, highlighted by a cleanliness drive (Swachhata Abhiyan) and an insightful keynote address from Prof. Ishan Tiru.




## World Ozone Day

World Ozone Day was celebrated by the Department of Geography, featuring a keynote address delivered by Prof. Marcel Hembram alongside an interactive quiz competition and an environmental awareness program focused on ozone layer preservation for students.







## World River Day

To emphasize the vital role of freshwater ecosystems and advocate for river conservation, a special awareness drive and an inter-departmental quiz competition were organized by the Department of Geography on the occasion of 'World Rivers Day'. Through this event, faculty members, research scholars, and students were brought together







for an engaging session dedicated to

water conservation and ecological protection.

## Peer Teaching Session

A specialized peer teaching session was organized by the Department of Economics for Semester VIII students to foster collaborative learning and strengthen advanced analytical concepts. Designed to transition students from passive listeners to active knowledge facilitators, the session provided a platform where complex economic theories were presented and reviewed by the students themselves under faculty guidance.







## Field Visit

An educational field visit to the adopted village of Latha Khamhan was organized by the Department of History with the objective of understanding rural settings and promoting socio-cultural documentation among students. Through this initiative, students were provided with hands-on exposure to practical field research and rural historiography.







## National Unity Day

To commemorate the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel and reinforce the spirit of national integration, peace, and solidarity, National Unity Day (Rashtriya Ekta Diwas) was celebrated with grand fervour across the college

campus. The event was organized to instil a strong sense of national responsibility, unity, and collective pride among students, faculty members, and institutional staff.







## Tour to Sikkim

An educational tour to Sikkim and Darjeeling was organized by the Department of Hindi to provide students with cultural immersion and experiential learning. Key historical landmarks were visited, while regional linguistic nuances and local traditions were studied across the Eastern Himalayas. A strong sense of camaraderie and environmental appreciation was fostered throughout the trip. Heartfelt gratitude is expressed by the department to the management, faculty, and student coordinators by whom this study tour was successfully conducted.





## World Space Week

World Space Week 2026 was organized by the Department of Science on October 5th and 6th. On the first day, academic competitions including oral presentations, a quiz, poster displays, and a model exhibition were held, followed on the second day by a screening of the movie Interstellar to spark interest in space science.







## Football Team Selection

A selection trial for the college football team was organized by the Sports Club under the aegis of the Sports Committee. Students across various academic departments actively participated, demonstrating remarkable athletic skills, team spirit, and stamina. Following competitive evaluation rounds, the selection panel finalized the core squad that will represent the institution in upcoming inter-collegiate football tournaments.







## Inter-College Hockey

The college hockey team was represented in the Inter-College Hockey Tournament 2026 organized by Ranchi University, Ranchi. Commendable sportsmanship, tactical prowess, and team spirit were displayed by the players against teams from across the university region. Dedicated efforts on the field by the squad and coach were formally appreciated by the management and faculty.



## National Cadet Corps

National Unity Day was commemorated on October 31st to honour the life history and unification contributions of Sardar Vallabhbhai Patel. A keynote speech highlighting his role in binding the nation together was delivered by Prof. Rainy Alma

Lakra, IQAC coordinator. Active participation in a 'Run for Unity' across the campus was shown by NSS volunteers and NCC cadets to mark the occasion.




## Nasha Mukt Yuva

'A 'Nasha Mukt Yuva for Viksit Bharat' awareness drive was conducted by the National Service Scheme (NSS) unit to advocate for a substance-free youth community. The initiative featured informative talks and an interactive pledge ceremony, emphasizing the vital role of healthy, empowered youth in driving national development. NSS volunteers actively engaged students to promote awareness against drug abuse and foster a vibrant, substance-free campus environment.






## Dance Club

An explosive opening to the grand inauguration of Aarohan 2026 at St. Xavier's College, Simdega, was delivered through a surprise flash mob by the Spartans Dance Club. The audience was captivated by their crisp synchronization, vibrant rhythms, and infectious energy, which instantly set a high-spirited tone for the annual fest.





हिन्दुस्तान

आयोजन | संत जेवियर्स उत्सव 'आरोहण 2026' शुरु, प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, दिसंबर में होंगे विविध आयोजन

# हर विद्यार्थी में विशेष प्रतिभा, उसे पहचानें

बोले डॉ. फा. रोशन

सिमडेगा, प्रतिनिधि। संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में मंगलवार को तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'आरोहण 2026' का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के साथ ही कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल बन गया।

उद्घाटन के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्रों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया। 28 अक्तूबर से एक नवंबर तक छात्रों का रजिस्ट्रेशन होगा। जबकि 25 नवंबर से आकादमिक एक्टिविटीज शुरू होगी। वहीं 30 नवंबर, एक दिसंबर एवं तीन दिसंबर को कॉलेज परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरा कॉलेज कॉलेज उत्सव में डूबता हुआ नजर आएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोशन बा: ने महोत्सव का उद्घाटन करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है।



सिमडेगा में मंगलवार को फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ करते प्राचार्य।

प्रातः आवाज | सिमडेगा/गुमला

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में RBI ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रातः आवाज





सिमडेगा:-सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की ओर से एकीकृत लोकपाल योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में RBI के महाप्रबंधक श्री मनीष रंजन अपनी टीम के साथ शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित बैंकिंग, साइबर धोखाधड़ी और शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की टीम ने किया, जिसका नेतृत्व निर्मल पी. टोप्पो ने किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य सह कोचाल्क फादर बूनो टोप्पो भी उपस्थित रहे। वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को OTP धोखाधड़ी, म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट सहित विभिन्न प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए।विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ OTP, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम या कार्ड संबंधी विवरण और पहचान से जुड़े दस्तावेज साझा नहीं करना चाहिए। संदिग्ध कॉल या वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर पैसे की मांग करने वाले [illegible] रहने की सलाह दी गई। [illegible] बैंक (RBI) [illegible] संबंधित अनसुलझी शिकायतों को RBI के शिकायत प्रबंधन प्रणाली (CMS) के माध्यम से दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील की गई।कार्यक्रम के प्रत्येक सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में PNB, बैंक ऑफ इंडिया, कोऑपरेटिव बैंक और IDBI समेत विभिन्न सरकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक भी मौजूद रहे।जेवियर्स के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के अलावा सहायक प्राध्यापक अनामिका निशा रंजा, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, लिपिका सुबीर और सोनू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

हिन्दुस्तान

# जेवियर उत्सव का 27 को होगा उद्घाटन

सिमडेगा, प्रतिनिधि। संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में जेवियर उत्सव 2026 के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्सव को सफल, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से छात्र परिषद की बैठक कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, सुरक्षा, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फा. रोशन बा: ने बताया कि जेवियर उत्सव का उद्घाटन 27 अक्टूबर को होगा। वहीं प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगी। उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। इसके सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन और छात्र परिषद मिलकर तैयारी कर रहे हैं। प्रत्येक विभाग से 15 स्वयंसेवकों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। छात्र परिषद ने सभी कक्षा प्रतिनिधियों को अपने-अपने [illegible] के साथ [illegible] उत्सव से संबंधित [illegible] साझा करने [illegible] कॉलेज के उप प्राचार्य सह बर्सर फा. बूनो टोप्पो ने भी आयोजन की व्यवस्था और प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाने तथा कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

Media Effects

# गांधी जयंती पर विद्यार्थियों ने लिया अहिंसा का संकल्प


स्वच्छता अभियान में शामिल छात्र-छात्राएं.

सिमडेगा. संत जेवियर कॉलेज, सिमडेगा में गांधी जयंती पर राजनीति विज्ञान विभाग, एनएसएस व एनसीसी ने आईक्यूएसी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये. कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. ईशान तिरू के संबोधन से हुई. उन्होंने विद्यार्थियों के साथ 'शांति की खोज' विषय पर चर्चा की. विद्यार्थियों ने एक मिनट का मौन रखकर आत्मचिंतन किया और शांति के अर्थ व उसके स्रोत पर विचार किया. उन्होंने बताया कि अकेले समय बिताना, सुबह का समय, ध्यान और परिवार के साथ रहना शांति के महत्वपूर्ण माध्यम हैं. गांधी जी के सत्य, अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांतों से प्रेरित विद्यार्थियों ने अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली. इसके बाद एनसीसी व एनएसएस के सहयोग से कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया. विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया. मौके पर प्रो डॉ निशा रानी धनवार, प्रोफेसर-सह-एएनओ रोशन किशोर गिद्ध, प्रो चार्ल्स मशीह माल्टो सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे. कार्यक्रम का उद्देश्य गांधी जी के सत्य, अहिंसा, शांति व स्वच्छता के विचारों को विद्यार्थियों के जीवन और व्यवहार से जोड़ना था.



## सेंट जेवियर्स के छात्र शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना

सिमडेगा. सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के हिंदी एवं वाणिज्य विभाग के छात्र दार्जिलिंग एवं सिक्किम के लिए शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुए. यह भ्रमण 15 से 22 अक्तूबर तक निर्धारित है. इस यात्रा में दोनों विभागों के कुल 70 विद्यार्थी शामिल हैं. जिनमें हिंदी विभाग के 38 तथा वाणिज्य विभाग के 32 विद्यार्थी हैं. इस शैक्षिक भ्रमण में हिंदी विभाग से सहायक प्राध्यापक सुनील केरकेट्टा एवं प्रतिमा परहिया तथा वाणिज्य विभाग से लिपिका सुबीर एवं सोनू सोरेन मुर्मू विद्यार्थियों के साथ शामिल हैं. शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं अनुभवपूर्ण बनाने का प्रयास किया जा रहा है. भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशेषताओं से परिचित कराना है. दार्जिलिंग एवं सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यटन संबंधी गतिविधियों को करीब से जानने का अवसर विद्यार्थियों को मिलेगा.

हिन्दुस्तान

# नशामुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें युवा: प्रो. इशान

कार्यक्रम


सिमडेगा में सोमवार को कार्यक्रम में शामिल छात्रों के छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

सत्य संदेश समाचार
सच के साथ, हर खबर आपके पास
07/10/2026

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में RBI ने विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बताए तरीके

RBI जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को सुरक्षित बैंकिंग और शिकायत निवारण की जानकारी मिली।

सत्य संदेश समाचार टीम
समाचार, झारखंड



सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से एकीकृत लोकपाल योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। RBI महाप्रबंधक श्री मनोज रंजन ने विद्यार्थियों को सुरक्षित बैंकिंग, साइबर धोखाधड़ी और शिकायत निवारण की जानकारी दी। कार्यक्रम में OTP धोखाधड़ी, म्यूल अकाउंट और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपाय बताए गए।

RBI महाप्रबंधक श्री मनोज रंजन ने सुरक्षित बैंकिंग और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। SBI टीम ने OTP, म्यूल अकाउंट और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के तरीके बताए। बैंकिंग शिकायतों के लिए RBI CMS और साइबर अपराध के लिए 1930 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। PNB, बैंक ऑफ इंडिया, कोऑपरेटिव बैंक और IDBI के शाखा प्रबंधक भी मौजूद रहे।

सिमडेगा के सेंट जेवियर्स कॉलेज में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की ओर से एकीकृत लोकपाल योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में RBI के महाप्रबंधक श्री मनोज रंजन अपनी टीम के साथ शामिल हुए। विद्यार्थियों को सुरक्षित बैंकिंग, साइबर अपराध से बचाव और बैंकिंग शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

**साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बताए उपाय**

कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को OTP धोखाधड़ी, म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट सहित विभिन्न साइबर धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचाव की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ OTP, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम या कार्ड का विवरण और पहचान से जुड़े दस्तावेज साझा नहीं करने चाहिए। संदिग्ध कॉल या वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर पैसे की मांग करने वालों से भी सावधान रहने की सलाह दी गई। शिकायत निवारण की प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम के दौरान बैंक, NBFC या भुगतान प्रणाली से संबंधित अनसुलझी शिकायतों को RBI शिकायत प्रबंधन प्रणाली (CMS) के माध्यम से दर्ज कराने की जानकारी दी गई। वहीं साइबर अपराध होने की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन [illegible] की टीम ने किया, जिसका नेतृत्व निर्मल पी. टोप्पो ने किया। कॉलेज के प्राचार्य सह कोषाध्यक्ष फादर बूनो टोप्पो भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से भाग**

कार्यक्रम के प्रत्येक सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में PNB, बैंक ऑफ इंडिया, कोऑपरेटिव बैंक और IDBI समेत विभिन्न सरकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

डिजिटल सुविधा जितनी बढ़ रही है, साइबर अपराध के नए तरीके भी सामने आ रहे हैं। अपनी बैंकिंग जानकारी और पहचान संबंधी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी संदिग्ध कॉल या संदेश पर जल्दबाजी में भरोसा न करें। खबर उपयोगी लगे तो अपनी राय कमेंट करें और इसे शेयर कर दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

जिले के सभी प्रखंडों में रिपोर्टर की आवश्यकता
7061270445 / 9905760710

# संत जेवियर कॉलेज में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह कार्यक्रम मना



कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक.

**प्रतिनिधि, सिमडेगा**

संत जेवियर कॉलेज, सिमडेगा में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के तहत आयोजित दो दिवसीय विश्व अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति [illegible] दृष्टिकोण और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था. इस मौके पर फादर नबोर लकड़ा ने विद्यार्थियों को विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के महत्व और अंतरिक्ष विज्ञान की उपयोगिता की जानकारी दी. भौतिकी विभाग के प्रोफेसर आसिफ ने अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर प्रस्तुति दी. विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रस्तुति, मॉडल और क्विज प्रतियोगिता समेत विभिन्न विज्ञान आधारित गतिविधियां आयोजित की गयीं, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान फिल्म के माध्यम से अंतरिक्ष, समय, गुरुत्वाकर्षण और वैज्ञानिक अवधारणाओं को रोचक तरीके से समझाने का प्रयास किया गया. विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी भी दी गयी. कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य, विज्ञान विभाग के शिक्षकों, आयोजन समिति और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

Media Effects

# सेंट जेवियर्स कॉलेज, धवईपानी, सिमडेगा हिंदी एवं वाणिज्य विभाग का संयुक्त शैक्षिक भ्रमण दार्जिलिंग एवं सिक्किम के लिए रवाना

प्रातः आवाज़



**सिमडेगा:-** सेंट जेवियर्स कॉलेज, धवईपानी, सिमडेगा के हिंदी एवं वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दार्जिलिंग एवं सिक्किम के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया है। यह भ्रमण 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित है। इस यात्रा में दोनों विभागों के कुल 70 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें हिंदी विभाग के 38 तथा वाणिज्य विभाग के 32 विद्यार्थी हैं।इस शैक्षिक भ्रमण में हिंदी विभाग से सहायक प्राध्यापक सुनील केरकेट्टा एवं प्रतिमा परधिया तथा वाणिज्य विभाग से लिपिका सुबीर एवं सोनू सोबन मुर्मू विद्यार्थियों के साथ शामिल हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं अनुभवपूर्ण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशेषताओं से परिचित कराना है। दार्जिलिंग एवं सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यटन संबंधी गतिविधियों को करीब से जानने का अवसर विद्यार्थियों को मिलेगा।हिंदी विभाग के विद्यार्थियों के लिए यह यात्रा क्षेत्रीय भाषा, साहित्य, लोक-संस्कृति एवं सांस्कृतिक विविधता को समझने का अवसर प्रदान करेगी। वहीं, वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों को पर्यटन, स्थानीय व्यापार, व्यावसायिक गतिविधियों और आर्थिक संभावनाओं को व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझने में सहायता मिलेगी।इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को विभिन्न स्थानों के जीवन, संस्कृति और सामाजिक परिवेश को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर मिलता है।महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुभव-आधारित सीखने के अवसर प्रदान करना है। हिंदी एवं वाणिज्य विभाग का यह संयुक्त शैक्षिक भ्रमण इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। आशा है कि यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और यादगार सिद्ध होगी।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में नशामुक्त युवा–विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः आवाज



सिमडेगा:- सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "नशामुक्त युवा–विकसित भारत" अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 120 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक और विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी स. प्रो डॉ. निशा रानी धनवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी स. प्रो. जस्टिन सोरेंग , कॉलेज के आंतरिक सीसीसी समन्वयक स. प्रो. ईशान तिरु ,एएनओ सह सहायक. प्रो. रोशन गिद्ध तथा स. प्रो. चार्ल्स माल्टो उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक ईशान तिरू एवं कार्यक्रम पदाधिकारी जस्टिन सोरेंग ने विद्यार्थियों को नशे के घातक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पारिवारिक जीवन और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अनमोल एवं करुणा ने अपने भाषण के माध्यम से नशामुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा सेवा-भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्तव्यों को याद किया गया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान "जन गण मन" के साथ हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।

## संत जेवियर्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता एवं एसआईआर पर कार्यशाला आयोजित

प्रातः आवाज



सिमडेगा:- लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में मतदाता जागरूकता एवं एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की निर्वाचन समिति, संविधान क्लब एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सिमडेगा के उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार एवं उनकी टीम उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की।इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. इशान तिर्की, डॉ. निशा रानी धनवार, चार्ल्स मर्सीह मालतो, सुश्री जेसिका निधि तिग्गा एवं जस्टिन सोरेंग सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को जागरूक मतदाता बनाना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

Media Effects

रांची, शुक्रवार
02.10.2026

बेरा

prabhatkhabar.com

## राष्ट्रीय सम्मेलन में संत जेवियर कॉलेज के छात्रों ने लिया हिस्सा



सम्मेलन में उपस्थित विद्यार्थी व अन्य.

सिमडेगा. संत जेवियर कॉलेज, सिमडेगा के अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर सेमेस्टर-4, सत्र 2024-26 के छह विद्यार्थियों ने 29 एवं 30 सितंबर को [illegible] जैन विश्वविद्यालय, जमशेदपुर में आयोजित [illegible] राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की. सम्मेलन का विषय आपदा जोखिम न्यूनीकरण को सतत विकास लक्ष्यों, जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य जोखिमों के साथ एकीकृत करना था. आयोजन एआरका जैन विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन स्कूल की ओर से किया गया. सम्मेलन में प्रियंका कुल्लू, नेहा प्रियंका लकड़ा, रेजिना बरला, ज्योति कुमारी, पोलसन टोप्पो एवं संजय किरो ने भाग लिया. विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के व्याख्यान सुने तथा तकनीकी सत्र-2 में शोध-पत्र प्रस्तुतियों का अवलोकन किया. इस दौरान विद्यार्थियों को शोध-पत्र प्रस्तुति, अकादमिक चर्चा तथा राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन की कार्यप्रणाली और सम्मेलन कार्यवाही की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला. विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के नये परिसर का भी भ्रमण किया. इससे उन्हें नये शैक्षणिक माहौल को समझने व विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों से संवाद करने का अनुभव मिला. कॉलेज के अनुसार, इस सहभागिता से विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करने, अकादमिक ज्ञान बढ़ाने तथा प्रस्तुति एवं संचार कौशल को मजबूत करने में मदद मिली. यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव रहा.

# The Xaverian Editorial Board

## The Editor in Chief



*Asst. Prof. Bipin Minj, SJ*

## Associate Editors







***Prof. Jessica Nidhi Tigga, Prof. Ishan Tiru, Prof. Pyari Kullu***

विद्या का अन्तिम लक्ष्य चरित्र निर्माण है।

## Bulletin Heads



**Asst. Prof. Anamika N. Runda**



**Asst. Prof. Narayan Sai**

**To be a XAVERIAN**

*Only for the greater good of the Soceity!*